(विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से सम्बद्ध)

सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान, मध्यप्रदेश

प्रान्तीय कार्यालयः 'प्रज्ञादीप' हर्षवर्धन नगर, भोपाल-४६२००३

पंजीयन क्र.-17195

दूरभाषः (0755) 2761225, ई-मेलः vidyabhartibpl@gmail.com,
www.vidyabhartimp.org

पत्र क्रमांक : 175/2019 **दिनांक- 08/07/2019**

विद्याभारती मध्यभारत प्रान्त
प्रधानाचार्य/आचार्य दक्षता संवर्द्धन परीक्षा- सत्र 2019-20
(दक्षता संवर्द्धन परीक्षा 2019 के आयोजन के सन्दर्भ में)

विद्याभारती मध्यभारत प्रान्त की योजनानुसार प्रान्त स्तरीय दक्षता संवर्द्धन परीक्षा सत्र 2019-20 को गत सत्रों की भांति आयोजित करने का निश्चिय हुआ है। हमारे आचार्य दीदी, प्राचार्य, प्रधानाचार्य अपेक्षित योग्यता, अनुभव एवं गुणवत्ता तथा शैक्षिक एवं प्रशासनिक कुशलता के साथ अपनी सेवाएं संस्था को नियमित एवं सुचारू रूप से देते रहें इस हेतु से **"दक्षता संवर्द्धन"** परीक्षा का आयोजन निर्धारित तिथि एवं स्थान पर समय में किया जा रहा है। परीक्षा की रूपरेखा निम्नानुसार रहेगी।

कार्यक्रम

प्रधानाचार्य दक्षता संवर्द्धन परीक्षा /आचार्य दक्षता संवर्द्धन परीक्षा
परीक्षा आयोजन दिनांक - 14 जुलाई 2019
समय - प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक लिखित
दोपहर 2.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक समूह चर्चा
स्थान -

क्र.	जिले का नाम	परीक्षा केन्द्र	केन्द्राध्यक्ष	प्रान्त प्रभारी
1.	ग्वालियर, भिण्ड, मुरैना, दतिया	स.वि.मं. बादलगढ़ ग्वालियर	श्री नीलेन्द्र सिंह तोमर	श्री पुरूषोत्तम जोशी
2.	शिवपुरी, श्योपुर, अशोकनगर	स.वि.मं. विद्यापीठ शिवपुरी	श्री राजेश भार्गव	श्रीमती सुनीता पाण्डेय
3.	राजगढ़, गुना	स.वि.मं., नवीन भवन ब्यावरा	श्री अशोक दांगी	श्री हुकुमचन्द भुवन्ता
4	भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर	स.वि.मं., शिवाजी नगर, भोपाल	श्री छत्रवीर सिंह राठौर	श्री राजेन्द्र परमार
5.	होशंगाबाद, हरदा बैतूल	स.वि.मं. आर्यनगर, इटारसी	श्री रूपसिंह कौरव	श्री मोहन नागर

रूपरेखा-

1. दक्षता संवर्द्धन परीक्षा में वे सभी आचार्य/प्रधानाचार्य/प्राचार्य/लिपिक प्रतिभागी होंगे जिन्होनें सत्र 2017-18 एवं 2018-19 की दक्षता परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है एवं जिन्होंने आचार्य सामान्य शिक्षण वर्ग 2014 या उसके पूर्व किया है।
2. यह परीक्षा दो श्रेणियों में सम्पन्न होगी।
   (अ) प्रधानाचार्य दक्षता संवर्द्धन परीक्षा
   (ब) आचार्य/लिपिक दक्षता संवर्द्धन परीक्षा
3. परीक्षा प्रश्न पत्र श्रेणीशः प्रान्त स्तर पर निर्मित होंगे जो निम्न पाठ्य वस्तु पर आधारित होंगे-
   (अ) आचार्य-
      1. विद्याभारती योजना - 30%
      2. शासकीय योजना - 20%
      3. शिक्षण तकनीकि (शैक्षिक पक्ष) - 50%

E:\P- 18-19\Prsikshan Acharya

(ब) लिपिक- विद्याभारती योजना- 30%, प्रशासन 20%, कार्यालय लेखा एवं वित्त-50% (वित्त प्रबंधन वर्ग पाठ्यक्रम अनुरूप)

(स) प्रधानाचार्य- विद्याभारती योजना 30%, प्रशासन 20%, शैक्षिक -50%

4. परीक्षा प्रश्न पत्र के पूर्णांक 100 निर्धारित हैं। परीक्षा अवधि 2 घण्टे की रहेगी। परीक्षा में 50% प्राप्तांक सफलता हेतु आवश्यक होगा।
5. परीक्षा प्रान्त के उपरोक्त निर्धारित केन्द्र पर आयोजित होगी इसकी सम्पूर्ण व्यवस्था प्रान्त प्रभारी/विभाग समन्वयक एवं प्रान्त द्वारा निर्धारित केन्द्र के केन्द्राध्यक्ष देखेंगे।
6. परीक्षा व्यवस्था शुल्क रू. 100/- प्रति प्रतिभागी निर्धारित है इसे परीक्षा केन्द्र पर नकद जमा करना होगा। शुल्क विद्यालय द्वारा देय होगा।
7. अपेक्षित व्यक्तिगत जानकारी विद्यालयशः दो दिवस में जिला केन्द्र के माध्यम से प्रान्त को एवं एक प्रति परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा आयोजन हेतु भेजना है।
8. परीक्षा केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष महोदय के सहयोग हेतु प्रान्त द्वारा अधिकृत परीक्षा प्रभारी उपस्थित रहेंगे।

आलोक-

1. परीक्षोपरान्त सभी प्रतिभागी प्रधानाचार्य एवं आचार्यों की अनौपचारिक प्रायोगिक बैठक निर्धारित व्यवस्थानुसार सम्पन्न होगी। परीक्षा हेतु कॉपियाँ प्रान्त द्वारा उपलब्ध होंगी। परीक्षोपरान्त यह कॉपियां सील्ड बन्द लिफाफे में प्रान्त को केन्द्राध्यक्ष के माध्यम से 17 जुलाई 2019 तक प्राप्त हो जाना चाहिए।
2. प्रान्त केन्द्रीय मूल्यांकन पश्चात् परिणाम की घोषणा 07 दिवस में करेगा। सफल प्रतिभागी का वेतन अवरोध हटाने की प्रक्रिया 30 जुलाई 2019 तक पूर्ण करना है। इसका प्रबंध समिति बैठक में अनुमोदित करना चाहिए।

(मोहनलाल गुप्ता)
प्रादेशिक सचिव

प्रतिलिपिः-

1. मा. संगठन मंत्री/सहसंगठन मंत्री, मध्यभारत प्रान्त
2. समस्त विभाग समन्वयक, मध्यभारत प्रान्त।
3. समस्त पूर्णकालिक कार्यकर्ता, मध्यभारत प्रान्त।
4. समस्त परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक/केन्द्राध्यक्ष/प्रधानाचार्य- मध्यभारत प्रान्त